## एक नजर में

### हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे मंदिर

**भौंरा।** महाशिवरात्रि पर नगर में शिवमय माहौल बना रहा। दिनभर सभी श्रद्धालु, बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं का शिव मंदिर में दर्शन के लिए तांता लगा रहा। नगर के माता मोहल्ला बस्ती बिजासन में स्थित शिव मंदिर और अन्य शिव मंदिरों पर पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ रही सभी ने अपनी-अपनी तरह से भगवान शिव का पूजन किया। हवन पूजन और प्रसादी वितरण किया गया। जिससे नगर कामाहौल भक्ति से परिपूर्ण रहा। माता मोहल्ला स्थित स्वयं सिद्ध पारद शिव मंदिर पर बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। अंशिका, संस्कार, आकाश, तनिष्क, वेदु, टक्की सहित उन बच्चों ने उत्साह और उमंग से मंदिर की सजावट की। भजन पूजन और प्रसादी वितरण में सहयोग किया।

### आज अधिवक्ताओं की कलमबंद हड़ताल

**बैतूल।** जिला अदालत में आज सोमवार अधिवक्ता कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे। यह हड़ताल मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के आह्वान पर बुलाई गई है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक वर्मा ने बताया कि शिवपुरी जिले के अधिवक्ता संजय कुमार सरसेना की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में यह निर्णय लिया गया है। राज्य अधिवक्ता परिषद ने अधिवक्ताओं पर बढ़ते हमलों और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू न होने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। परिषद ने 16 फरवरी को प्रदेशभर में अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्यों से विरत रहने और प्रतिवाद दिवस मनाने का आह्वान किया है। इस हड़ताल के कारण बैतूल जिला अदालत और तहसील न्यायालयों में सोमवार को नियमित न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहेगा। अधिवक्ता किसी भी प्रकरण की सुनवाई में शामिल नहीं होंगे। परिषद ने राज्य सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में शिवपुरी जिले के करैरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिससे प्रदेशभर के वकीलों में भारी आक्रोश है। इससे पहले डबरा में भी जमीन विवाद के चलते अधिवक्ता चंद्रभान मीणा पर जानलेवा हमला हुआ था, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इन घटनाओं ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

### शिवरात्रि के मेले में जा रहे युवक की मौत

**बैतूल।** शिवरात्रि मेले में जा रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना रविवार दोपहर ग्राम जीटापाटी जोड़ के पास हुई, जब एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। युवक को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान ग्राम बोथिया, थाना साईखेड़ा निवासी 22 वर्षीय अजय पिता गुलाब कवडे के रूप में हुई है। इस हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, अजय दोपहर करीब डेढ़ बजे अपनी बाइक से सोनाघाटी मेला जा रहा था। जीटापाटी जोड़ के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हुए जिले के शिवालय

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 15 फरवरी. महाशिवरात्रि पर्व जिले में धार्मिक आस्था और श्रद्धाभाव से मनाया गया। महाशिवरात्रि पर जिले के शिव मंदिरों में जलाभिषेक के साथ विशेष पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड़ गई।**

**जगह-जगह आयोजित हुए भंडारे**

**मेलों में रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**



हर-हर महादेव के जयकारों से शिवालय गूंज उठे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी बडे मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। शिवालयों में सुबह से ही भोले बाबा की आराधना का क्रम शुरू हो गया था। छोटा महादेव, शिव गुफा मंदिर, भैंसदेही का प्राचीन शिव मंदिर, सोनाघाटी, खेड़लाकिला, जटा शंकर और सालबर्डी मढ़ देव समेत कई शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। वहीं शहर के लल्ली चौक शिव मंदिर, सदर शिव मंदिर, नागदेव मंदिर, कोतवाली के सामने का शिव मंदिर और अन्य शिवालयों में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। भोपाली स्थित छोटा महादेव मेले में इस साल विशेष व्यवस्था की गई। पहाड़ी में दरार आने के कारण गुफा में प्रवेश पर रोक लगाई गई। श्रद्धालुओं ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बाहर से ही भगवान के दर्शन किए। वैसे छोटा महादेव भोपाली में दो दिन पहले से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। वहीं शिव धामों पर लगने वाले मेलों तक पहुंचने के लिए जिले भर से श्रद्धालु अपने साधनों से रवाना होने लगे थे।

**जगह-जगह भंडारों का आयोजन :** महाशिवरात्रि पर शहर में सैकडों स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए। कमानी गेट के पास शिवम सेवा समिति बैतूल के तत्वावधान में हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है। यहां भोपाली आने-जाने वाले श्रद्धालुओं प्रसादी ग्रहण करते है। तीन दिनों तक यह भंडारा आयोजित किया जाता है। वहीं कॉलेज चौक पर शिव मंदिर, चक्कर रोड, रानीपुर रोड सहित अन्य स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया जहां सैकडों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। जगह-जगह शहर में सुबह से शाम तक भंडारे चलते रहे। इन भंडारा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

### मेलों में चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

महाशिवरात्रि पर जिले के भोपाल छोटा महादेव और मुलताई क्षेत्र के सालबर्डी में मेलों को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। यहां सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस, राजस्व एवं अन्य विभागों का मैदानी अमला तैनात था। श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश की सीमा पर बसे सालबर्डी में पुख्ता इंतजाम किए गए। मेलों में पानी, वाहन पार्किंग की व्यवस्थाएं भी उपयुक्त स्थानों पर की गई है। जिला मुख्यालय से सटे सोनाघाटी शिवमंदिर में शिवरात्रि के मौके पर बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं की अधिक भीड न लगे जिसको लेकर पुलिस जवानों को तैनात किया था। महाशिवरात्रि के मौके पर शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ का अभिषेक एवं पूजा अर्चना करने से भक्तों के कष्ट दूर हो जाते है।

### भोपाली, सालबर्डी में लगा मेला, पहुंचे श्रद्धालु

महाशिवरात्रि के मौके पर जिले के सिद्ध क्षेत्र सालबर्डी, छोटा महादेव, गुफा मंदिर खेडला किला में बडे-छोटे मेले आयोजित किए गए। मेलों में जाने के लिए श्रद्धालुओं के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दो दिन पहले से श्रद्धालु बैलगाडियों, ट्रेक्टर ट्रालियों से भोपाली, सालबर्डी और पचमढी के लिए रवाना हो रहे थे। मेलों में पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। कहीं एक तो कहीं तीन दिनों तक मेलों की धूम रहेगी। भोपाली एवं सालबर्डी में श्रद्धालु लम्बी कतारों में खडे होकर अपनी बारी का इंतजार घंटो तक करते नजर आए। महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान शिव की आराधना करना शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान शिव अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। शिवरात्रि पर भगवान शिव का पंचामृत से अभिषेक और बेल पत्र, धतुरा सहित अन्य पूजा सामग्री से पूजा अर्चना की। कई जगह शिव मंदिरों में शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया गया।

## महाशिवरात्रि पर त्रिशूल यात्रा निकालकर किया त्रिशूल अर्पित

**मुलताई।** पवित्र नगरी में महाशिव रात्रि के अवसर पर बैतूल रोड स्थित साईं बाबा मंदिर से त्रिशूल यात्रा निकालकर मासोद रोड स्थित मरही माता मंदिर में त्रिशूल अर्पित किया गया। इस अवसर पर नगर के हिन्दू संगठनों द्वारा मंगलवार बाजार स्थित साईं मंदिर परिसर में विधि विधान से त्रिशूल की पूजा अर्चना की गईं, वहीं भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। जिसके बाद बाजे गाजे के साथ भगवान भोलेनाथ की भजनो पर झूमते हुए श्रद्धालुओं भगवान भोलेनाथ सहित अन्य देवी देवताओं की आकर्षक झाकियों की साथ पैदल त्रिशूल यात्रा निकाली गईं। त्रिशूल यात्रा बैतूल रोड से बसस्टैंड, थानारोड होते हुए मुख्य मार्ग से होते हुए मासोद नाका होते हुए मरही माता मंदिर पहुंची, जहाँ पूजा अर्चना कर त्रिशूल अर्पित किया गया। इस अवसर पर मरही माता सेवा समिति द्वारा भंडारा प्रसादी का आयोजन किया, जिसमे सैकडो श्रद्धालुओं द्वारा भंडारा प्रसादी ग्रहण की।



**शिवालयो में उमडी भीड, जगह जगह हुए भंडारे :** पवित्र नगरी में महा शिवरात्रि के अवसर पर रविवार सुबह से ताप्ती तट सहित नगर में स्थित शिवालयों में भीड़ दिखाई दी, ताप्ती तट स्थित तप्तेश्वर शिव मंदिर सहित चिंतेश्वर शिवमन्दिर में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन एवं दर्शन करने वालों की लाइन लगी दिखाई दी। वहीं नगर के सभी शिव मंदिरो सहित ताप्ती तट पर श्रद्धालुओं भारी भीड दिखाई दी। जिसके बाद शाम होते ही ताप्ती तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गईं जो रात्रि 10 बजे तक जारी रही। इस अवसर पर नगर में बैतूलरोड, बस स्टैंड, मरही माता मंदिर एवं अन्य स्थानों पर भंडारा प्रसादी वितरित की गई।

## पुलवामा में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**मुलताई, 15 फरवरी. नगर मेंबजरंग दल चौक पर शनिवार की रात 8 बजें विहिप बजरंग दल मुलतापी के बजरंगियों ने पुलावामा में 9साल पहले शहीद हुए जवानो को श्रद्धांजलि अर्पित की।**

गौरतलब है कि बीते 14 फरवरी 2019 को, पुलवामा में जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था , जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गयी थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में जवानों पर विधर्मियों ने बम से बस अटेक किया था, जिसमें भारत मां की रक्षा करते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विहिप बजरंग दल के बजरंगियों एवं नगर के भुतपुर्व सैनिकों ने उद्बोधन दिया व शहिदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं बजरंग दल मुलतापी के ग्रामीण शाखा घाटबिरोली, पांडरी, मंगोनाकला, मालेगांव में भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।



## शिवधामों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़, उमड़ा जनसैलाब

**भैंसदेही।** शिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के सभी शिवधामो पर बडी संख्या में शिवभक्तों ने पहुंचकर अपने आराध्य भगवान आशुतोष की पुजा अर्चना कर दर्शन लाभ लिया । क्षेत्र के गुप्तेश्वर काशी तालाब, धार, गुप्त वाडा आदि प्रसिद्ध शिवधाम में पहुंच शिवभक्तों ने अभिषेक पूजन किया नगर से 5किलोमीटर दुर गुप्त वाडा स्थित गुफा में विराजमान भगवान शिव के दर्शन करने सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लगा रहा ,वहीं तपतझीरा तपोस्थली पर भी शिवभक्तों ने पहुंच शिव आराधना की वहीं काशीताताब पूर्णा उद्गम स्थली पर स्थित 12 शिवलिंगों पर भी सुबह से लेकर देर रात चारों पहर का शिवपूजन और अभिषेक का क्रम अनवरत जारी रहा,वहीं नगर की ऐतिहासिक धरोहर और ऊर्जा के परम स्त्रोत भगवान आशुतोष बाबा सिद्धनाथ सिध्देश्वर के प्रांगन प्राचीन शिवालय में बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचे और बाबा सिद्धनाथ के दर्शन किये ।इस मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओ के उचित व्यवस्था बनाये रखने में मंदिर समिति और नगर के युवाओं ने सराहनीय सहयोग दिया, वहीं मंदीर प्रांगण की साज सज्जा और आकर्षक धार्मिक झांकीयो का प्रस्तुतीकरण कर श्रद्धालुओं के स्वस्थ मनोरंजन की भी व्यवस्था की।

## हिवरखेड़ वृंदावन ग्राम घोषित, विधायक ने ली बैठक

**मुलताई। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हिवरखेड को क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर देशमुख के प्रयासों से मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत वृंदावन ग्राम घोषित कर ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कार्य योजना तैयार की गईं।**

भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया प्रभात पट्टन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत हिवरखेड़ में विकास के नए अध्याय की शुरुआत हुई। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने ग्राम को वृंदावन ग्राम घोषित किए जाने के पश्चात बैठक लेकर ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, रोजगार सृजन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। नई विकास रूपरेखा के अंतर्गत पशुपालकों एवं कृषकों के लिए आम एवं नींबू की उन्नत खेती को प्रोत्साहन, जलसंवर्धन के लिए छोटे बेराज एवं स्टॉप डेम, बेहतर संपर्क के लिए सड़कों का निर्माण, युवाओं के स्वास्थ्य के लिए ओपन जिम,अस्पताल एवं पार्क जैसी जनकल्याणकारी परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई। विधायक ने ग्रामवासियों को सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया ।इस अवसर पर ग्राम के सरपंच विश्वनाथ धोटे, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों को ग्राम के समग्र एवं सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। योजना में ग्राम में जल संरक्षण और प्रबंधन: छतों से जलसंचयन, ट्यूबवेल रिचार्ज, तालाबों का संरक्षण और चेक डैम का निर्माण किया जाएगा ।ई-पंचायत और कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम सेडिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आंगनवाडी और स्कूलों की स्थिति को बेहतर बनाकर, उन्हें उन्नत किया जाएगा।



### एमपी टीम में बैतूल के 5 खिलाड़ी

**बैतूल।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के चयन ट्रायल में बैतूल जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। मध्यप्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इन खेलों के लिए चयनित खिलाड़ी अब भोपाल में प्रशिक्षण लेंगे। इसके बाद वे रायपुर में होने वाले मुकाबलों में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुरुष वर्ग में पिंटू उइके, फ्लैश कावरे और रोहित कुमरे को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, महिला वर्ग में भूमिका पांडरे और देवश्री उइके को मौका मिला है। प्रतियोगिता का क्वालिफायर राउंड रायपुर में 21 से 27 फरवरी तक खेला जाएगा।

## बदहाल सफाई व्यवस्था, लोग हो रहे परेशान

**पाथाखेड़ा।** नगरपालिका साफ सफाई व्यवस्था रखने की बात कह रहे हैं, वहीं नगर पालिका के सुपरवाइजर की सफाई व्यवस्था की नाकामी नजर आ रही है। सारनी के वार्ड क्रमांक 35 में सफाई व्यवस्था की गंभीर लापरवाही साफ तौर पर देखा जा रहा है ।कई दिनों से नालियों एवं बड़े नाले की सफाई नहीं होने से पूरे क्षेत्र का वातावरण दूषित हो गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शहर की गंदगी ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से लाकर नाले के समीप ही डाली जा रही है, जिससे दुर्गंध असहनीय हो गई है। रहवासियों का कहना है कि सुबह-शाम उठने-बैठने तक में परेशानी हो रही है और बच्चों व बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। सड़ते कचरे और रुके पानी से मच्छरों की भरमार बढ़ गई है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका अधिकारियों को कई बार शिकायत भी दी, लेकिन जिम्मेदार सुपरवाइजर की ओर से अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सफाई कर्मचारियों की नियमित निगरानी नहीं होने से समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।



## 28 फरवरी को होंगे सतपुड़ा ठेकेदार संघ के चुनाव, बैठक में निर्णय

**सारनी।** ठेकेदार संघ के चुनाव को लेकर सहमति नहीं बनने की वजह चुनावी प्रक्रिया टल गई थी, अब 28 फरवरी को चुनाव संपन्न कराए जाने का निर्णय लिया गया है। ठेकेदारों के बीच खुलकर मनमुटाव की स्थिति नजर आई। सभी ठेकेदार नियम के तहत चुनाव कराने के पक्ष में थे, लेकिन एक दावेदार नियमों को मानने को तैयार नहीं होने की वजह से मामला 28 फरवरी तक टल गया है। बताया जाता है कि शनिवार ठेकेदार संघ सारनी का चुनाव की तिथि तय हुई थी। शॉपिंग सेंटर एक होटल में करीबन 40 ठेकेदार उपस्थित हुए। सभी वरिष्ठ ठेकेदारों की मौजूदगी में पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया। कार्यकारिणी भंग होने के पश्चात मंचासीन संरक्षकों ने अपने - अपने विचार रखे। इसके बाद नए अध्यक्ष के गठन की प्रक्रिया पर चर्चा शुरु हुई। अध्यक्ष पद के लिए सात दावेदारों के नाम सामने आए जिसमें जगदीश आहूजा, नन्हे चंद्रवंशी, आरआर यादव, सन्नी एरुल, विजय पडलक, नागेंद्र निगम, समीम रिजवी के नाम सामने आए। वरिष्ठ संरक्षकों ने सभी उम्मीदवारों को आपसी समन्वय के तहत चर्चा करने की बात रखी। सातो उम्मीदवारों में से चार लोगों ने नागेंद्र निगम को सपोट करने का निर्णय लिया, लेकिन दो ठेकेदारों के बीच समन्वय नहीं बनने के बाद एक ठेकेदार ने मंच में आकर चिल्ला चोट करते हुए इस संघ का रजिस्टेशन मेरे नाम का है और इस संघ के लिए मैं अपनी मर्जी का मालिक कुछ भी निर्णय ले सकता हूं, जैसे शब्द बोले जाने से सभी ठेकेदारों में नाराजगी देखने को मिली। उन्होंने अपनी नवीन कार्यकारिणी जल्द घोषित करने की मंच से घोषणा कर दी है। चुनाव के लिए संघ की सदस्य होना अनिवार्य किया गया है। गौरतलब रहे कि यदि ठेकेदारों के बीच आपसी समन्वय नहीं बना तो 28 फरवरी को होने वाला चुनाव नए ठेकेदार संघ के बैनर तले हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो सतपुड़ा पावर प्लांट में दो संघ कार्य करते दिखाई दे सकते हैं। वहीं मंच पर बैठे कुछ ठेकेदारों ने कहा की 40 साल से सतपुड़ा संघ कार्य कर रहा है।



## हज यात्रियों के लिए दो चरणों में प्रशिक्षण

**बैतूल।** हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए इस वर्ष दो चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पहला प्रशिक्षण रविवार को मस्जिद आयशा, आबकारी रोड, बैतूलगंज में संपन्न हुआ। दूसरा और मुख्य प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कैंप 17 फरवरी को कोकाश लॉन, रानीपुर रोड, बैतूल में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। 17 फरवरी के कैंप में हाजियों को हज यात्रा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा और आवश्यक टीकाकरण भी किया जाएगा। हाजियों और उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा, बैतूल और जिला हज कमेटी, बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सभी हाजियों से समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण और टीकाकरण का लाभ लेने का आग्रह किया गया है। उन्हें अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड की फोटो कॉपी, पासपोर्ट, दो फोटोग्राफ और पहले से चल रही दवाइयों के पर्चे साथ लाने को कहा गया है। इस वर्ष बैतूल से कुल 70 हाजी पवित्र यात्रा पर जाएंगे। इनमें से 53 हाजी हज कमेटी के माध्यम से और 17 हाजी प्राइवेट माध्यम से यात्रा करेंगे। रविवार को मस्जिद आयशा, आबकारी रोड, बैतूलगंज में आयोजित पहले प्रशिक्षण में महाराष्ट्र के कोल्हापुर से मौलाना उजैर साहब और सिरजगांव से हाफिज शकील साहब ने हज और उमरा के अरकान की विस्तृत जानकारी दी। यह बैठक सुबह 9.30 बजे से असर की नमाज तक चली। महिला हाजियों के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी और दोपहर में भोजन का भी इंतजाम था। इस अवसर पर मदरसा मस्जिद दारुल फलाह के अध्यक्ष हाजी युसुफ विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला हज कमेटी प्रभारी शारिक खान कैंप की तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं।



## वेतन पर रोक से भूमिगत कोयला खदान मजदूरों में आक्रोश

**पाथाखेडा।** क्षेत्र की भूमिगत कोयला खदानों में कार्यरत सैकड़ों ठेका मजदूरों ने वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी और कथित शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद कर दी है। मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार पिछले कई समय से उनका मासिक वेतन नियमानुसार खातों में जमा नहीं कर रहे हैं, जबकि श्रम कानूनों के अनुसार प्रत्येक माह समय पर भुगतान अनिवार्य है। मजदूरों ने बताया कि कई बार शांतिपूर्ण चर्चा के प्रयास किए गए, लेकिन ठेकेदारों के अड़ियल रवैये के कारण कोई समाधान नहीं निकल सका। मजदूर नेता प्रदीप नागले ने आरोप लगाया कि श्रमिक हितों में आवाज उठाने पर प्रबंधन द्वारा उन्हें मकान खाली करने का नोटिस देकर दबाव बनाने की कोशिश की गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। स्थानीय श्रमिकों का कहना है कि निर्धारित श्रेणी के अनुसार वेतन भी नहीं दिया जा रहा और पूर्व में खातों से राशि निकलवाकर वापस लेने जैसी घटनाएं भी हुईं। अब मजदूरों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया है, जिसके बाद ठेकेदार और सुपरवाइजर ने उन्हें काम पर लेने से मना कर दिया ।मजदूरों ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि शोषण पर शीघ्र रोक नहीं लगी तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## सालबर्डी में 2 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**मुलताई।** मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित शिवधाम सालबर्डी में महाशिवरात्रि पर शनिवार की रात्रि से आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमडा, भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए रात्रि से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के साथ कतारे लगने लगी थी, ब्रम्हामुहूर्त से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना और अभिषेक प्रारम्भ हो गया था शिवरात्रि की पूर्व रात्रि से शाम तक करीब 2 लाख श्रद्धालू भोले बाबा के दर्शन कर चुके थे ।वहीं दर्शन का सिलसिला जारी था। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए मेले से लेकर गुफा तक जगह जगह पुलिस के जवानों कों तैनात किया गया है,वही प्रशासनिक अधिकारियों नें भी मोर्चा संभाल लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी,मुलताई एसडीओपी एसके सिंह सहित थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार पूरे दल बल के साथ सालबर्डी मेले में मौजूद रहे,वहीं एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार यसवंत सिंह गिन्नारे, राजेश दुबे,प्रभात पट्टन जनपद पंचायत सीईओ आंचल पवार भी हर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं ।मेले में आने वाले श्रद्धालुओ की पुलिस प्रशासन ड्रोन से निगरानी कर रहा है,सुरक्षा की दृष्टि से सीसी टीवी कैमरे भी लगाएं गए है। महाशिवरात्रि पर्व पर शिवधाम सालबर्डी में प्रदेश सहित महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भोलेनाथ के दर्शन के बाद लोग मेले में पहुंचे जहां पर महाराष्ट्र पुलिस द्वारा अपनी सीमा में जवाबदारी संभाली।

